मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-140
19/03/2021

स्कूल में करंट लगने से छात्रा की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर मृतक छात्रा के आश्रित को 04 लाख रूपये का मिला अनुदान

पटना, 19 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने दरभंगा के उच्च माध्यमिक विद्यालय जाले में करंट लगने से एक छात्रा की मौत एवं आठ अन्य छात्राओं के झुलसने की खबर पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि यह घटना दुखद है। वे इस घटना से मर्माहत हैं।

मुख्यमंत्री के मृतक छात्रा के परिजन को अविलंब 04 लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश के आलोक में जिलाधिकारी, दरभंगा द्वारा मृतक छात्रा के परिजन को 04 लाख रूपये का चेक उपलब्ध करा दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने इस दुखद घटना में सभी झुलसी छात्राओं के निःशुल्क इलाज की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये हैं। साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

******